>

Title : Need to open a Kendriya Vidyalaya, Engineering College, Medical College and ITI in Lohardaga Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री सुदर्शन भगत (लोहरदगा): मेरा संसदीय क्षेत्र लोहरदगा एक आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र है, जहां पर सरकार की ओर से शिक्षा की कोई व्यवस्था नहीं है। यहां पर कोई भी केन्द्रीय विद्यालय नहीं है तथा विशेष फोकस जिले की हैसियत से यहां केन्द्रीय विद्यालय की स्थापना की जा सकती है। इस जिले में कोई आई.टी.आई. तकनीकी संस्थान नहीं है और न ही कोई मेडिकल कॉलेज और इंजीनियरिंग कॉलेज है, जिसके कारण यहां के छात्रों को दूसरे शहरों में उच्च शिक्षा प्राप्ति के लिए जाना पड़ता है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि लोहरदगा में केन्द्रीय विद्यालय, इंजीनियरिंग कॉलेज, मेडिकल कॉलेज एवं एक आई.टी.आई. की व्यवस्था इस क्षेत्र का सामाजिक विकास करने के लिए होनी चाहिए।